Govt provides BPaL, a combination of bedaquiline, pretomanid and linezolid, free under National TB Elimination Programme. However, treatment costs remain a challenge. The six-month all-oral regimen is shorter than older treatments and reduces patients' compliance burden. More than 15,000 patients have begun BPaLM, which adds moxifloxacin, under the programme.

Pre-grant oppositions were filed separately by Sankalp Rehabilitation Trust's Eldred Tellis and TB survivor Ganesh Acharya, supported by Lawyers' Collective and Médécins Sans Frontières Access Campaign; and Delhi Network of Positive People, supported by Third World Network.



iStock

The Indian Patent Office's decision may allow domestic drugmakers to launch cheaper generic versions of BPaL in India and other high-burden countries, public health experts said

Patent Controller upheld grounds of lack of novelty, lack of inventive step, non-patentability and insufficient disclosure, refusing application under Sec 15 of Patents Act. Opponents argued the combination and its use in a shorter regimen had been disclosed in scientific research dating to 2015.

The opposition invoked Sections 3(d), 3(e) and 3(i), which restrict patents on new uses of known substances, exclude mere admixtures and methods of medical treatment. All four grounds were upheld.

TB Alliance had earlier licensed generic firms, including Macleods Pharma and Lupin, to manufacture pretomanid for BPaL in India, though health activists called the agreements restrictive. This could widen the supplier pool.

Delhi HC rejects PIL against

कुछ समय से नीरज की एक युवती

आई तो तुम्हें मेरी लाश मिलेगी : पेज 2

80 हजार का इंजेक्शन 7,000 में, कैंसर दवाएं 93% तक सस्ती

नई कीमतें 9 नवंबर से लागू होंगी, महंगे इलाज से मिलेगी राहत

अमर उजाला ब्यूरो



नई दिल्ली। महंगे इलाज से लोगों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने कैंसर की दवाओं की संशोधित खुदरा कीमतें जारी की हैं। नई कीमतें 9 नवंबर, 2026 से लागू होंगी, जिसके बाद कैंसर के इलाज की जिस दवा के एक इंजेक्शन की कीमत 80 हजार से ज्यादा थी, वह अब सिर्फ 7,150 रुपये में मिलेगी। इसी तरह, स्तन कैंसर की पैल्बोसिक्लिब दवा के 21 कैप्सूल का पैक 40,421 रुपये की जगह 2,720 रुपये में मिलेगा।

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर की 543 दवाओं के अलग-अलग पैक की संशोधित अधिकतम खुदरा कीमतें जारी की हैं। कंपनियों से मिले आंकड़ों पर आधारित सूची में कई ऐसी दवाएं शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल अलग-अलग तरह के कैंसर के इलाज में किया जाता है। कुछ दवाओं की कीमत में 80 से 90 फीसदी से ज्यादा की कमी दर्ज की गई है। हालांकि, हर दवा की कीमत में इतनी बड़ी कटौती नहीं हुई है। कुछ दवाओं की कीमत पहले जैसी ही है।

दवा और पैक	पूर्व कीमत	नई कीमत	%कमी
थायोटेपा, सैमटेपा 100 मिग्रा, एक शीशी	80,071.86	7,150.33	91.1%
पैल्बोसिक्लिब, पैल्बोप्रो 125 मिग्रा, 21 कैप्सूल	40,421.33	2,720	93.3%
पेर्टुजुमैब, हर्टुमैब, 30 मिग्रा, एक शीशी	94,951	30,593	67.8%
बेवाकिजुमैब, इवजुमैब 400 मिग्रा, एक शीशी	69,852.12	13,512	80.7%
बेवाकिजुमैब, बेवारेस्ट 400 मिग्रा, एक शीशी	58,336	12,596.14	78.4%
प्लेरिक्साफोर, रेक्साफोर 20 मिग्रा, एक शीशी	48,335.67	8,703.51	82.0%

अमर उजाला
अपना शहर
दिल्ली
amarujala.com
नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 29 अक्तूबर 2026

दो दिन में बदलेगा मौसम, बारिश के बीच ठंडी हवाओं से सर्दी की दस्तक

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान अर्नब और उत्तर भारत में पश्चिम विक्षोभ से होगा बदलाव

तापमान

27° अधिकतम | 17° न्यूनतम

आज का पूर्वानुमान

आंधी- तूफान और गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

सूर्योदय 6:34 सुबह

सूर्यास्त 17:34 शाम

स्थानीय समयानुसार

आज के कार्यक्रम

नृत्य

- इंडिया हैबिटेट सेंटर : शाम 7 बजे से द स्टीन सभागार में नटवरी कथक नृत्य अकादमी की ओर से



दिल्ली में ठंड और बढ़ते प्रदूषण के बीच पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क के पास का नजारा। [illegible]

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बृहस्पतिवार से बदल सकता है। अगले दो दिन तक आसमान में बादल छाने के साथ हल्की बारिश के भी आसार हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। इस सबका मिला-जुला असर तापमान में गिरावट के तौर पर दिखेगा। आईएमडी के मुताबिक, इसकी वजह बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान अर्नब और उत्तर भारत का पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। इससे दो दिनों तक दिल्ली-एनसीआर मौसमी दशाओं के तेज बदलाव के दौर से गुजरेगा।

ओलावृष्टि और 40 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना

अधिकतम तापमान 26-28 डिग्री तक रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 29 और 30 अक्तूबर की सुबह और दोपहर के दौरान हल्की बारिश की संभावना है। कई स्थानों पर बिजली कड़कने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर मध्यम बारिश भी हो सकती है।

इस दिन अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री तक नीचे रह सकता है। इससे दिन में मौसम अपेक्षाकृत ठंडा महसूस होगा। 30 को इस दिन अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दोपहर में हवा की गति 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

सामान्य से ज्यादा रहा अधिकतम तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.8 डिग्री ऊपर 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। अगले दो दिनों तक इसमें तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है। इससे दिल्लीवालों का सर्द मौसम का अहसास होगा।

कुल दिलजीत का कॉन्सर्ट, जेएलएन

अस्पताल में लापरवाही, संक्रमण के 30 दिन में 77% मरीजों की मौत

हिमांशु अरविंद मिश्र



कर्नाटक के निजी अस्पताल पर शोध आधे से अधिक मरीजों में फेफड़ों के संक्रमण से फैला बैक्टीरिया

नई दिल्ली। अस्पताल में भर्ती मरीजों की देखभाल में मामूली लापरवाही भी जानलेवा हो सकती है। कर्नाटक के एक निजी अस्पताल में जुलाई 2021 से दिसंबर 2023 के बीच हुई एक स्टडी में इसके गंभीर परिणाम सामने आए। इसके अनुसार, 154 मरीजों के खून में एसिनेटोबैक्टर बाउमानी नामक बैक्टीरिया मिला, जिस पर एंटीबायोटिक दवाओं का असर नहीं हुआ। इन मरीजों में से 76.6 फीसदी यानी 118 की मौत संक्रमण के 30 दिन के अंदर ही हो गई। इनमें भी 57.1 फीसदी की मौत संक्रमण के पहले सात दिन में हुई।

संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश ने कहा कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। साफ-सफाई और सुरक्षा की हल्की सी कमी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है। अस्पतालों में इसको लेकर खास ध्यान रखने की जरूरत है। एसिनेटोबैक्टर बाउमानी अस्पतालों में संक्रमण फैलाने वाला बैक्टीरिया है। यह खास तौर पर उन मरीजों के लिए घातक है, जो पहले से गंभीर रूप से बीमार हैं। स्टडी के मुताबिक, करीब 51 फीसदी मरीजों में बैक्टीरिया फेफड़ों के संक्रमण से खून तक पहुंचा था। वहीं, करीब 29 फीसदी मामलों में नस में लगी कैथेटर संक्रमण की वजह बनी। कैथेटर वह पतली नली होती है, जिसके जरिये मरीज को दवा या तरल पदार्थ दिया जाता है। कर्नाटक के एक निजी अस्पताल में हुई स्टडी भर्ती वयस्क मरीजों के आंकड़ों पर आधारित है। इसके नतीजों से सभी अस्पतालों में संक्रमण से होने वाली मौतों का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03,

हिन्दुस्तान

कैंसर की दवाइयां 93% तक सस्ती

नवंबर से लागू होंगी 137 दवाओं की नई कीमतें

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई दवाओं की कीमतों में 93 फीसदी तक की कटौती की गई है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 543 दवा ब्रांडों और उनकी अलग-अलग पैकिंग की अधिकतम खुदरा कीमतों (एमआरपी) में संशोधन किया है। नई कीमतें नौ नवंबर से लागू होंगी।

यह कदम 137 गैर-अनुसूचित कैंसररोधी दवाओं पर व्यापारिक मार्जिन 30% तक सीमित करने के फैसले के तहत उठाया गया है। इसका उद्देश्य दवा आपूर्ति शृंखला में मुनाफे को सीमित कर मरीजों को सस्ती दवाएं मुहैया कराना है।

नई सूची में सबसे बड़ी कटौती स्तन कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा पैल्बोसिक्लिब के कुछ ब्रांडों में हुई है। इसकी कीमत में करीब 93.3 फीसदी की कमी आई है। इसी दवा के आइसोजेन ब्रांड की 100 मिलीग्राम की पैकिंग की कीमत भी 91.6 फीसदी घटाई गई है। कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली थियोटेपा के सैमटेपा ब्रांड की 100 मिलीग्राम की एक शीशी की कीमत 80,071.86 से घटाकर 7,150.33 रुपये कर दी गई है। इससे प्रति शीशी करीब 72,922 रुपये की बचत होगी। वहीं, स्तन कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एनास्ट्रोजोल के वोमाजोल ब्रांड की कीमत 458.85 से घटाकर 39.52 रुपये कर दी गई है।

डासैटिनिब, लेंवाटिनिब, अबिराटेरोन और ओलापैरिब जैसी दवाओं की कीमतों में भी कटौती की गई है। कीमतों में कटौती के बावजूद कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई महंगी दवाओं की एमआरपी में बदलाव नहीं हुआ है। इम्यूनोथेरेपी दवा कीट्रूडा, जिसका सक्रिय घटक पेम्ब्रोलिजुमैब है, उसकी कीमत 2,16,500 रुपये बरकरार है। यह दवा 21 से अधिक प्रकार के कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होती है। इसी तरह, स्तन कैंसर की दवा राइबोसिक्लिब के क्राइक्सानां ब्रांड की कीमत 24,435 रुपये बनी हुई है। टैगिसो, टेकेंट्रिक, डार्जालेक्स और इम्फिन्जी की सूचीबद्ध कीमतों में भी बदलाव नहीं किया गया है।



40,421
रुपये से घटकर 2720 हुई स्तन कैंसर की दवा की कीमत

30%
तक कंपनियों का मुनाफा सीमित कर दिया गया है

एक ही दवा के ब्रांडों की कीमतों में बड़ा अंतर

पैल्बोसिक्लिब के कुछ ब्रांड 90% से ज्यादा सस्ते हुए, जबकि पैलेनो की कीमत मामूली घटकर 5,624 रुपये रह गई। मरीजों को सस्ती दवा का लाभ मिलना अस्पतालों की कीमत निर्धारण व्यवस्था पर भी निर्भर करेगा।

अब भी बड़ी चुनौती है इलाज का मोटा खर्च उठाना

दवाओं की कीमतें घटने से राहत मिलने की उम्मीद है, पर जांच, ऑपरेशन समेत कैंसर के इलाज का कुल खर्च मरीजों पर भारी पड़ता है। कैंसर की दवाओं पर मुनाफा सीमित करने का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

प्रमुख दवाएं जिनके दाम घटाए गए

दवा	पुरानी कीमत	नई कीमत (रुपये में)	इस्तेमाल
पैल्बोसिक्लिब	40,421.33	2,720	स्तन कैंसर
थियोटेपा	80,071.86	7,150.33	कीमोथेरेपी
इक्जुमाब	69,852	13,512	ब्रेन ट्यूमर, गर्भाशय कैंसर
ओलापारिब	46,364	11,573	प्रोस्टेट, पैंक्रियाटिक कैंसर
एनास्ट्रोजोल	458	39	स्तन कैंसर

मतदान का अ

पड़ताल

राजधानी में आबादी ज्यादा और दूध, मावे का उत्पादन कम होने की वजह से मिठाइयों के अवैध कारखानों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। घनी बस्तियों के बीच चोरी-छिपे चल रही इन फैक्टरियों से निकलकर पहले दुकानों तक और फिर ये नकली मावे की मिठाइयां घरों में पहुंच रही हैं। मिठाइयों को बनाने में न तो शुद्धता और न ही सफाई का ख्याल रखा जा रहा है। लोगों की सेहत करोड़ों का कारोबार किया जा रहा है। हिंदुस्तान की पड़ताल की जिनमें मिठाइयां तैयार करके घरों

बस्तियों में गंदगी के बीच बन रहीं मिठाइयां

गंदगी से भरे कारखाने में बन रहा गुलाब जामुन

संत नगर

01:00 बजे, दोपहर

बुराड़ी के इस इलाके की तंग गली में स्थित मकान में मिठाइयों का कारखाना है। यहां से बनाकर रसगुल्ला, गुलाब जामुन और मोतीचूर के लड्डू की आपूर्ति बाहरी दिल्ली में स्थित मिठाई की दुकानों में की जाती है। कारखाने में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई थी।

यहां काम करने वाले कारीगर बिना हाथ धोए और दस्ताने पहने मिठाइयां छू रहे थे। बनी हुई मिठाइयां और बनाने का सामान भी खुले में रखा था। हालांकि, मिठाई बनाने के लिए बोतल बंद पानी का इस्तेमाल किया जा रहा था। यहां काम कर रहे कारीगर अनिल ने दूध और अन्य उत्पादों की आपूर्ति के बारे में बात करने से इनकार कर दिया।

कुछ ही देर में कारखाने का संचालक मौके पर पहुंचा, लेकिन उसने भी बात करने से इनकार कर दिया। दूध-खोया के बारे में पूछने पर उसने कारखाने का दरवाजा बंद कर लिया।



निहाल विहार इलाके की एक मिठाई की दुकान के कारखाने में इस तरह गंदगी और मानकों की अनदेखी कर रसगुल्ले-बर्फी बनाई जा रही है। इससे त्योहारी सीजन में लोगों के बीमार होने का खतरा है। • हिंदुस्तान

931 रैपिड टेस्ट 21 महीनों में किए

06 हजार से ज्यादा नमूने प्रत्येक वर्ष खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ले रहा

25.8 लाख जुर्माना लगाया

30 से 32 फीसदी नमूने जांच में फेल पाए जा रहे

83 में से 35 मामलों में हुई दोषसिद्धि

40 फीसदी से ज्यादा घी के नमूने एक साल में फेल हुए

मिलावट का खेल जारी

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग लगातार छापेमारी का दावा करता है। दावा है कि दो माह में 50 से ज्यादा छापेमारी दिल्ली के बड़े खोया, पनीर एवं मिठाई के गोदामों पर की जा चुकी है। दावा है कि दिल्ली में ओखला, निहाल विहार, मोरी गेट, चांदनी चौक समेत दिल्ली के अन्य इलाकों में छापेमारी की जा रही है। इसके बावजूद भी बड़ी मात्रा में मिलावटी मिठाइयां धड़ल्ले से बिक रही है।

सजा और जुर्माने का प्रावधान

अधिवक्ता वसुधरा शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का मकसद केवल खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा करना भी है। इस कानून में प्रत्येक उल्लंघन के लिए एक समान दंड नहीं है, बल्कि अपराध की प्रकृति, खाद्य पदार्थ की स्थिति तथा उससे उपभोक्ता को हुए नुकसान के आधार पर दंड निर्धारित किया गया है।

धारा	अपराध का विवरण	जुर्माना और सजा
51	सब-स्टैंडर्ड (घटिया गुणवत्ता वाला भोजन बेचना)	पांच लाख तक जुर्माना
52	मिस ब्रांडेड (गलत लेबल या भ्रामक पैकेजिंग)	तीन लाख तक जुर्माना
53	भ्रामक या झूठे विज्ञापन देना	10 लाख तक जुर्माना
59	कोई भी चोट नहीं	तीन लाख तक जुर्माना और तीन माह की जेल
59	गंभीर चोट	पांच लाख तक जुर्माना और छह माह की जेल
59	उपभोक्ता की मृत्यु	10 लाख तक जुर्माना व 7 वर्ष से उमक़ैद तक की सजा
63	बिना लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय	पांच लाख का जुर्माना और छह माह की जेल

संसाधनों की कमी से जांच प्रक्रिया सुस्त

सूचना के अधिकार (आरटीआई) से मिली जानकारी के मुताबिक, खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक जनवरी 2025 से सितंबर 2026 तक करीब 21 महीने में केवल 931 रैपिड टेस्ट किए। पूरी दिल्ली में खाद्य पदार्थों की त्वरित जांच के लिए महज तीन वैन उपलब्ध हैं। आरटीआई कार्यकर्ता जीशान हैदर द्वारा मांगी गई जानकारी में सामने आया कि इस अवधि में विभाग ने 83 मामलों में खाद्य पदार्थों को तय मानकों के अनुरूप नहीं पाया। इनमें से 35 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई। कुल 25.80 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। सीमित जांच वैन और अपेक्षाकृत कम संख्या में रैपिड टेस्ट होने से निगरानी उतनी प्रभावशाली ढंग से नहीं हो पा रही है।

ने पहले बांकीपुर में भाजपा को जमीन छिटकाई और मंथन के दौर से गुजर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

हिन्दुस्तान

दिल्ली को दस वर्षीय स्वच्छ वायु योजना चाहिए



ब्रजेश कुमार तिवारी | प्रोफेसर, जेएनयू

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता अक्तूबर का अंतिम सप्ताह आते ही एक बार फिर चिंता बढ़ाने लगी है। गत 21 अक्तूबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 245 पहुंच गया, जिसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण लागू करना पड़ा। यह कोई अप्रत्याशित संकट नहीं है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 की वार्षिक औसत सांद्रता 2018 में 114 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर थी। यह 2019 में 109, 2021 में 105, 2022 में 98, 2023 में 100, 2024 में 105 और 2025 में 97 रही। कोविड प्रभावित 2020 में यह 95 दर्ज हुई थी। इस प्रकार 2018 से 2025 के बीच प्रदूषण में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई। यह सुधार महत्वपूर्ण है, लेकिन पर्याप्त नहीं। भारत में पीएम 2.5 का वार्षिक मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का दिशा-निर्देश केवल 5 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर का है। वायु प्रदूषण को सामान्यतः अस्पतालों में बढ़ती भीड़ और सांस संबंधी बीमारियों से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन इसका आर्थिक नुकसान कहीं व्यापक है। विश्व बैंक ने जून 2026 में प्रकाशित अपने विश्लेषण में बताया है कि वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण पूरे भारत में समय से पहले हुई मौतों और बीमारियों के कारण लगभग 36.8 अरबडॉलर के उत्पादन का नुकसान हुआ था।

विश्वस्तरीय राजधानी के लिए केवल सड़कें, मेट्रो और इमारतें पर्याप्त नहीं होती हैं। उसकी हवा भी रहने और काम करने योग्य होनी चाहिए।

किसी उद्योग को दिल्ली से हटाकर गाजियाबाद, बहादुरगढ़ या सोनीपत भेज देने से पूरे क्षेत्र का प्रदूषण समाप्त नहीं होगा। हवा प्रशासनिक सीमाएं नहीं मानती। इसलिए नए औद्योगिक क्षेत्रों का चयन क्षेत्र में हवा के प्रवाह, आबादी, जल, परिवहन और पर्यावरणीय क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। सरकार ने इसी साल फरवरी में चिह्नित प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों के लिए पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन का अधिकतम मानक 50 मिलीग्राम प्रति घनमीटर निर्धारित किया और 1 अक्तूबर से इसे संबंधित इकाइयों पर लागू कर दिया। यह अहम निर्णय है। अब जरूरत वास्तविक अनुपालन की है। प्रत्येक बड़े प्रदूषणकारी उद्योग के उत्सर्जन आंकड़े सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध होने चाहिए। स्वतंत्र जांच, अचानक निरीक्षण और बार-बार उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर कठोर आर्थिक दंड जरूरी है। अच्छी औद्योगिक नीति वही है, जिसमें उत्पादन और रोजगार बढ़ें, लेकिन प्रदूषण की सामाजिक लागत घटे।

सरकार ने वाहनों के लिए बीएस छह मानक, मेट्रो विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और ग्रेप जैसी व्यवस्थाएं विकसित की हैं। इस साल सितंबर में उपलब्ध सरकारी जानकारी के अनुसार, दिल्ली के 6,840 बसों के बेड़े में 5,088 इलेक्ट्रिक बसें थीं। केंद्र सरकार ने पुराने ट्रकों और बसों की जगह अपेक्षाकृत स्वच्छ वाहन लाने के लिए इस साल जून में 9,585 करोड़ रुपये की परिवर्तन योजना को मंजूरी दी। स्वच्छ हवा केवल आर्थिक विकास रोकने से नहीं, बल्कि तकनीकी सुधार, सही आर्थिक प्रोत्साहन और लगातार नियम लागू करने से प्राप्त होती है।

इसलिए, जरूरी है कि दिल्ली में अगले दस वर्षों के लिए एक स्पष्ट और बाध्यकारी स्वच्छ वायु योजना बनानी चाहिए। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के एनसीआर क्षेत्रों के लिए साझा औद्योगिक उत्सर्जन मानचित्र, संयुक्त निगरानी व्यवस्था और परिणाम आधारित बजट बनाया जाए। स्थानीय निकायों के प्रदर्शन का आकलन सड़क की धूल, कचरा जलाने की घटनाओं और प्रदूषणकारी गतिविधियों में वास्तविक कमी से हो। इसी तरह सार्वजनिक परिवहन को सुविधाजनक और निजी वाहन की तुलना में आर्थिक रूप से आकर्षक बनाना होगा।

इसमें नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। कचरा जलाना, अनावश्यक निजी वाहन चलाना, निर्माण सामग्री खुले में रखना और प्रदूषण संबंधी नियमों की अनदेखी करना सामूहिक नुकसान पहुंचाता है। इसीलिए, दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए केवल नई सड़कें, मेट्रो और इमारतें पर्याप्त नहीं हैं। उसकी हवा भी रहने और काम करने योग्य होनी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

जानकारी उपलब्ध कराई थी।

के ग्राहकों तक पहुंच बनाने में मदद

हिन्दुस्तान

हेल्थ सप्लीमेंट उत्पादों के 60 विज्ञापनों में फर्जी दावे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विज्ञापन मानक परिषद ने स्वास्थ्य वर्धक सप्लीमेंट्स (न्यूट्रास्यूटिकल) क्षेत्र को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। संस्था के अनुसार, उसे जुलाई से सितंबर 2026 के बीच न्यूट्रास्यूटिकल श्रेणी के 61 विज्ञापनों की जांच की, जिनमें से 60 विज्ञापनों में किए गए दावे फर्जी और गुमराह करने वाले पाए गए हैं।

रिपोर्ट में बताया कि इन विज्ञापनों में वजन घटाने, बढ़ती उम्र को रोकने, रंग गोरा करने, अस्थमा, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों के इलाज के दावे किए जा रहे थे।

परिषद के अनुसार, 60 विज्ञापनों में से 29 के खिलाफ संबंधित ब्रांडों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। बाकी 31 मामलों में ब्रांडों ने आपत्ति की, लेकिन दावों को साबित करने के लिए पर्याप्त

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16

तकनीक : एआई की मदद से दवाएं बनाने के काम में तेजी आएगी

कैलिफोर्निया, एजेंसी। एआई अब दवा बनाने के काम में भी इंसानों को टक्कर दे रहा है। एंथ्रोपिक ने बताया है कि उसने अपने एआई मॉडल क्लॉड की मदद से खाने से होने वाली एलर्जी के इलाज के लिए करीब 35 हजार एंटीबॉडी डिजाइन तैयार किए हैं। इन्हें तैयार करने में लगभग एक महीने का समय लगा।

इस शोध का उद्देश्य दवाएं बनाने की प्रक्रिया को तेज करना और एलर्जी समेत कई बीमारियों के नए इलाज खोजने में एआई का इस्तेमाल करना है। एंथ्रोपिक ने बायोटेक्नोलॉजी कंपनी डाइवर्जेंस लैब्स के साथ मिलकर यह काम किया है। इस शोध में ऐसी दवा बनाने पर ध्यान दिया गया जो एलर्जी पैदा करने वाले एक खास अणु इम्युनोग्लोबुलिन ई (आईजी ई) को इम्यून कोशिकाओं से हटाने में मदद कर सके।



35 हजार एंटीबॉडी डिजाइन एआई मॉडल क्लॉड ने तैयार किए

01 महीने का समय इन एंटीबॉडी डिजाइन को बनाने में लगा

11 समस्याओं को एआई ने तत्काल पकड़ा, 1061 पन्नों की समीक्षा की

बीस में से तीन डिजाइन बेहतर पाए गए

एंथ्रोपिक के मुताबिक, 20 डिजाइन ऐसे मिले जो इम्यून कोशिकाओं से आईजी ई को हटाने में सक्षम दिखाई दिए। इन 20 में से तीन ने आईजी ई को हटाने के मामले में सामान्य दवाओं दवा से बेहतर प्रदर्शन किया। अब अगला कदम ऐसे डिजाइन बनाना है जिनमें आईजी ई से जुड़ने और उसे इम्यून कोशिकाओं से हटाने जैसी दोनों क्षमताएं एक साथ हों।

कैंसर के इलाज में भी सहायता मिल रही

एंथ्रोपिक दवा विकसित करने वाली छह संस्थाओं के साथ काम कर रही है। कंपनी ने दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए अपने स्तर पर भी रिसर्च प्रोग्राम शुरू किए हैं। एक अन्य प्रोजेक्ट में क्लॉड एआई सीएआर-टी सेल थेरेपी पर बायोटेक कंपनी जेनरेट बायोमेडिसिन्स को मदद दे रही है। इसका इस्तेमाल कैंसर के इलाज में किया जाता है।

जांच का समय 89 फीसदी तक कम होने से राहत

- क्लॉड एआई ने दवा निर्माण से जुड़े 1,061 पन्नों के दस्तावेजों की समीक्षा की।
- इसने मानव विशेषज्ञों की ओर से पहचानी गई सभी 11 समस्याओं को पकड़ लिया।
- सात ऐसी समस्याओं को भी पहचाना जिसे विशेषज्ञ नहीं पकड़ पाए।
- एआई से दस्तावेजों की जांच में लगने वाला समय 89 फीसदी कम हुआ।
- जहां पहले इस काम में 25 घंटे से अधिक लगते थे, एआई ने इसे तीन घंटे से भी कम समय में कर दिया।

डाटा का विश्लेषण करने में सक्षम

इंसान जब कोई दवा बनाता है तो उसके परीक्षण से लेकर बाजार में आने तक आमतौर पर 10 साल का समय लग सकता है। वैज्ञानिक कई चरणों में बीमारी का कारण समझकर कोई फॉर्मूला बनाते हैं। पहले जानवरों पर इसके असर का परीक्षण होता है। इंसानों पर दवा के प्रभाव का अलग-अलग चरणों में परीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य नियामकों से मंजूरी और बड़े पैमाने पर उत्पादन में समय लगता है। एआई इन सभी चरणों में लगने वाले समय को घटा सकता है।

NBT

NBT आज का इतिहास

जब पहला इलेक्ट्रॉनिक संदेश गया

दुनिया का पहला इलेक्ट्रॉनिक संदेश यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया और स्टैनफर्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट के कंप्यूटरों के बीच 29 अक्टूबर 1969 को भेजा गया। यह संदेश टाइप करते समय सिस्टम क्रैश हो गया था और दूसरे कंप्यूटर तक संदेश के रूप में 'LO' (Login का छोटा रूप) ही जा सका। लेकिन इस घटना ने कंप्यूटर नेटवर्क के जरिये आधुनिक इंटरनेट की राह तैयार की।

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली

Front Page-2

गुरुवा

150 किमी./घंटे की रफ्तार तक चलीं हवाएं, हो रही भारी बारिश

'अर्नब' से आंध्र में भारी तबाही, 6 घंटे बाद कमज़ोर पड़ा तूफान

AP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' बुधवार तड़के 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। इसके बाद से 125 से 135 किलोमीटर/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बीच में हवा के ये झोंके 150 किमी./घंटे की रफ्तार को भी पार कर गए। साथ ही भारी बारिश हो रही है। करीब 6 घंटे बाद तूफान कुछ कमजोर पड़ा, लेकिन इससे जनित हादसों में आंध्र में 5 लोगों की जान गई। राज्य के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नुकसान के आकलन के लिए केंद्रीय टीम भेजने की मांग की।

कई इलाकों में 260 मिमी. से ज्यादा बारिश हुई

शुरुआती जानकारी में राज्य के 100 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा। तटीय जिलों में 15 हजार बिजली के खंभे गिरे हैं। हजारों पेड़ गिरे हैं।

कई जगह 260mm से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। यह जुलाई में होने वाली औसत बारिश की डेढ़ गुने से ज्यादा है। मौसम विभाग ने आंध्र के 13 जिलों और यानम में गुरुवार सुबह तक फ्लैश फ्लड यानी अचानक बाढ़ आने का खतरा जताया है। भारी बारिश से जमीन में पानी भर जाने और निचले इलाकों में जलभराव का खतरा है। इससे पहले तटीय इलाकों से 57 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। ओड़िशा में भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ।



आंध्र में काकीनाड़ा के तटीय इलाके में घरों को नुकसान पहुंचा है।

05 मौतें हुईं हैं तूफान जनित हादसों में।

71 हजार हेक्टेयर में फसलें डूबीं

33 हजार नारियल के पेड़ उखड़े।

50 ट्रेनें और 21 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं

अल नीनो, वॉर्मिंग से बढ़ रहा तूफानों का खतरा

Poonam.Gaur
@timesofindia.com

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात 'अर्नब' का तेजी से ताकतवर होना समुद्र के बढ़ते तापमान और बदलते मौसम में चक्रवातों के बढ़ते खतरे का इशारा करता है। यह 24 अक्टूबर को कम दबाव के क्षेत्र से विकसित हुआ और महज 36 घंटे में चक्रवाती तूफान बन गया और बुधवार तक 'बहुत गंभीर' चक्रवाती तूफान की कैटिगरी में रहा।

गर्म समुद तूफानों को एनर्जी देते हैं, तेज बारिश कराते हैं

भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ. के.जे. रमेश के मुताबिक, ऐसा लगता है कि सामान्य से अधिक गर्म समुद्री सतह और अल नीनो की संभावित भूमिका ने तूफान की ताकत बढ़ाने में योगदान दिया। ग्लोबल वॉर्मिंग अल नीनो का कारण नहीं है, लेकिन धरती और समुद्र का बढ़ता तापमान चरम मौसम के असर को बढ़ा सकता है। गर्म समुद्र तूफानों को ऊर्जा देता है। रीडिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक अक्षय देवरस के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने के लिए अनुकूल हालात हैं। गर्म वातावरण में ज्यादा नमी से बादलों की बारिश की क्षमता बढ़ती है और तेज बारिश के दौर आ सकते हैं।

पहाड़गंज। नारायणा। मोजपुर। मियांवली। कालकाजी। नांगल राया। सरिता विहार।

NBT

तेज़ हवाओं के साथ कई इलाकों में बारिश के आसार

दिल्ली में दिख सकता है तूफान का असर, आज बारिश का येलो अलर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को अर्नब तूफान और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। सुबह से कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि कुछ जगहों पर तेज बारिश का अनुमान है। मौसम में बदलाव से तापमान में 4 से 5 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है।

तापमान में 4 से 5 डिग्री तक गिरावट आ सकती है

मौसम विभाग के अनुसार, 29 अक्टूबर को आसमान में बादल छाए रहेंगे। सुबह और दोपहर से पहले कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। दोपहर से शाम के बीच भी बारिश और गरज-चमक की संभावना है। बुधवार को सफदरजंग में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक, गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

शुक्रवार को भी बारिश के आसार

शुक्रवार को भी दिल्ली में कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। सुबह से दोपहर से पहले तक गरज-चमक और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। इसके बाद 31 अक्टूबर से मौसम सूखा होने का अनुमान है। आसमान बादलों से घिरा रह सकता है। 2 और 3 नवंबर को आसमान साफ रहने की संभावना है।



PTI

बदलेगा मौसम: आईएमडी के अनुसार, 29 को आसमान में बादल छाए रहेंगे। सुबह और दोपहर से पहले कई जगह हल्की बारिश हो सकती है

हवा में ज़हर कहां से घुल रहा, सुराग तलाशेंगे 134 सेंसर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण कहां से फैल रहा है, इसकी ज्यादा सटीक जानकारी जुटाने के लिए 134 छोटे सेंसर लगाए जा रहे हैं। इनकी मदद से उन इलाकों की पहचान की जा सकेगी, जहां प्रदूषण का स्तर अचानक बढ़ जाता है। अभी दिल्ली में प्रदूषण पर नजर रखने के लिए 60 लगातार चलने वाले मॉनिटरिंग स्टेशन हैं। इनसे AQI का पता चलता है, लेकिन आसपास की किस सड़क, निर्माण स्थल या अन्य स्रोत से प्रदूषण बढ़ रहा है, इसकी पहचान करना मुश्किल होता है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के मुताबिक, 134 सेंसरों में से 54 लगाए जा चुके हैं, बाकी 80 सेंसर लगाने की तैयारी है।



तीन दिन बाद हवा फिर हुई खराब

तीन दिन बाद प्रदूषण एक बार फिर खराब स्थिति में पहुंच गया है। बुधवार को एक्यूआई बढ़कर 229 हो गया। पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक यह एक बार फिर कम होकर सामान्य स्थिति में ही रहेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई 229 रहा।

NDMC एरिया में नहीं बढ़ेगा EV पार्किंग चार्ज

प्रदूषण कम करने के लिए NDMC ने कई कदम उठाए हैं। सड़कों से धूल हटाने और पानी का छिड़काव करने पर जोर दिया जा रहा है। NDMC के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि 24 जगहों पर जल्द मिस्ट स्प्रे सिस्टम शुरू किया जाएगा। साथ ही EV की पार्किंग फीस नहीं बढ़ाई जाएगी।

दिल्ली के प्रदूषण के लिए स्थानीय स्रोत जिम्मेदार : अध्ययन

औसत एक्यूआइ 15.8% घटा, सामान्य दिनों में प्रदूषण बढ़ा

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली की हवा में प्रदूषण बढ़ने पर हर साल पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने और मौसम को बड़ी वजह बताया जाता है। लेकिन वर्ष 2024 से 2026 के आंकड़ों के अध्ययन में सामने आया है कि इन दोनों कारणों से दिल्ली की हवा में हुए बदलाव की पूरी व्याख्या नहीं की जा सकती। दिल्ली स्थित जलवायु अनुसंधान संगठन क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में पराली जलाने की घटनाओं में मामूली कमी आई, जबकि दिल्ली के औसत एक्यूआइ में सुधार हुआ है। इससे दिल्ली के अपने प्रदूषण स्रोतों की भूमिका की जांच जरूरी है।

रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं 2025 में 201 थीं, जो 2026 में चार प्रतिशत घटकर 193 रह गईं। जबकि इसी दौरान दिल्ली का औसत एक्यूआइ 169.3 से कहीं ज्यादा घटकर 142.6 हो गया, यानी 15.8% की गिरावट आई। इसके विपरीत, 2024 से 2025 के बीच पराली जलाने की घटनाओं में 88% की कमी आई थी, लेकिन दिल्ली के औसत एक्यूआइ में केवल 3.9% सुधार हुआ। यानी कि पराली जलाने व दिल्ली के प्रदूषण के बीच संबंध हर साल एक जैसा नहीं रहा।

औसत एक्यूआइ सुधरा, लेकिन सामान्य दिनों में प्रदूषण बढ़ा: रिपोर्ट का एक अहम निष्कर्ष यह भी है कि औसत एक्यूआइ में सुधार का मतलब यह नहीं कि दिल्ली की हवा हर दिन साफ रही। वर्ष 2025 में सितंबर-अक्टूबर के दौरान मध्यम एक्यूआइ 135 था, जो 2026 में बढ़कर 154 हो गया। यानी इसमें 14.1 % की वृद्धि हुई। मध्यम एक्यूआइ रोजाना के आंकड़ों को छोटे से बड़े क्रम में रखने पर बीच का मान होता है। इससे सामान्य दिन की हवा की स्थिति का अंदाजा मिलता है। दूसरी ओर, एक्यूआइ 200 से ऊपर रहने वाले दिनों की संख्या 2025 के 10 से घटकर 2026 में तीन रह गई। वर्ष 2025 में एक्यूआइ 353 तक पहुंचा था, जबकि 2026 में यह 245 रहा। यानी इस बार बेहद खराब प्रदूषण वाले दिन कम रहे।

स्थानीय कारक जिम्मेदार ›› संपादकीय

स्थानीय स्रोतों की भूमिका की भी होनी चाहिए जांच

अध्ययन में मौसम के आंकड़ों का भी विश्लेषण किया गया। सितंबर-अक्टूबर 2026 में दिल्ली में वर्षा पिछले साल की तुलना में 78 .2 प्रतिशत कम रही। हवा की औसत गति में केवल 2 .1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि प्रदूषकों को ऊपर फैलने के लिए उपलब्ध वायुमंडलीय परत की ऊंचाई में 4 .3 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। कम वर्षा और वायुमंडलीय परत की कम ऊंचाई आम तौर पर प्रदूषण घटाने में मददगार नहीं होतीं। ऐसे में वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों की धूल, उद्योगों और कचरा या जैविक पदार्थ जलाने से होने वाले उत्सर्जन जैसे स्थानीय स्रोतों की भूमिका की भी जांच जरूरी है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि दिल्ली की हवा में बदलाव समझने के लिए पराली, मौसम और स्थानीय प्रदूषण स्रोतों का एक साथ आकलन करना होगा।

चार दिन की राहत के बाद फिर बिगड़ी दिल्ली की हवा, विवेक विहार में एक्यूआइ रहा 316

- 197 से बढ़कर 229 पर पहुंचा एक्यूआइ
- 58 में से 41 निगरानी केंद्रों पर हवा 'खराब'



राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: चार दिन तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद बुधवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का औसत एक्यूआइ मंगलवार के 197 से बढ़कर बुधवार को 229 पहुंच गया। सबसे खराब स्थिति विवेक विहार में रही, जहां का एक्यूआइ 316 पहुंचने के साथ हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

दिल्ली के 58 निगरानी केंद्रों में से 41 पर वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही, जबकि 16 केंद्रों पर एक्यूआइ मध्यम श्रेणी में दर्ज हुआ। इससे पहले 21 अक्टूबर को दिल्ली का एक्यूआइ 245 दर्ज किया गया था। इसके बाद 22 को यह 223 और 23 को 230 रहा। फिर चार दिन हवा मध्यम श्रेणी में रही, लेकिन बुधवार को प्रदूषण दोबारा बढ़ गया। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के अनुसार बृहस्पतिवार से शनिवार के बीच हवा मध्यम श्रेणी में रह सकती है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को आमतौर पर बादल छाए रहने और मध्यम स्तर की वर्षा होने, जबकि शुक्रवार को गरज के साथ वर्षा का पूर्वानुमान दिया है। पूर्व चेतावनी प्रणाली के अनुसार, छह हजार वर्ग मीटर प्रति सेकंड से कम वेंटिलेशन इंडेक्स और 10 किमी प्रति घंटे से कम औसत हवा की गति प्रदूषण को फैलने से रोकने के लिहाज से प्रतिकूल है।

दिल्ली-एनसीएपी नमो भारत कॉरिडोर निर्माण के लिए

चौथी बार भी नेहा ने

कैंसर की 543 दवाओं के दाम में 93 प्रतिशत तक की कटौती

- कैंसर के मरीजों को सरकार ने दी बड़ी राहत, नौ नवंबर से लागू होंगी नई दरें
- एक दवा पाल्बोप्रो के कैप्सूल पैक की कीमत 40,421 से घटकर 2720 रुपये हुई

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने वाली संस्था राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के निर्देश पर दवा कंपनियों ने कैंसर दवाओं के 543 ब्रांड के दाम घटा दिए हैं। ट्रेड मार्जिन रैशनलाइजेशन (टीएमआर) ढांचे के तहत की गई इस कटौती में कुछ दवाओं की कीमतों में 93 प्रतिशत तक की कमी आई है। संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) नौ नवंबर से लागू होंगे। इससे देशभर के कैंसर मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत एनपीपीए ने कैंसर दवाओं के 543 ब्रांड की एक सूची जारी की है जिनकी एमआरपी फिर से निर्धारित की गई है। इन दवाओं के लिए सरकार की ओर से पहले कोई अधिकतम मूल्य सीमा तय नहीं थी। सूची के अनुसार, रुपयों के हिसाब से सबसे बड़ी कटौती 'थियोटेपा' में हुई है। यह एक कीमोथेरेपी इंजेक्शन है, जिसका इस्तेमाल स्टेम सेल ट्रांसप्लांट से पहले और ब्लैडर कैंसर के इलाज में किया जाता है। 'सैमटेपा' की 100 एमजी की शीशी की कीमत 80,071.86 से घटकर 7150.33 हो गई है, यानी इसमें 72,921.53 (91.1%) की कमी आई है। प्रतिशत के हिसाब से सबसे बड़ी गिरावट स्तन कैंसर की दवा 'पाल्बोसाइक्लिब' में देखी गई है। 'पाल्बोप्रो' 125 एमजी के 21 कैप्सूल वाले पैक की कीमत 93.3% घटकर 40,421.33 से 2720 हो गई है। आरपीजी लाइफ साइंसेज लिमिटेड द्वारा 'अनार्जोल' ब्रांड नाम से बेची जाने वाली 'एनास्ट्रोजोल' 1-एमजी टैबलेट के 10 गोलियों वाले पैक की कीमत 695.76 से घटाकर 73 रुपये कर दी गई है। एनपीपीए का अनुमान है कि मरीजों के होने वाले खर्च में सालाना 2500 करोड़ से 3500 करोड़ की बचत होगी।

प्रदूषण के खिलाफ लड़नी होगी साझा लड़ाई



डा. दीपक कोहली

जब तक एक समेकित वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार नहीं होगी, तब तक उत्तर भारत को प्रदूषण से राहत नहीं मिलने वाली

सर्दियों की आहट के साथ ही उत्तर भारत के क्षितिज पर छाने वाली गहरी धुंध और धुएं की परत अब महज एक मौसमी घटनाक्रम तक सीमित नहीं नहीं रह गया, बल्कि यह करोड़ों नागरिकों के लिए एक गंभीर और जानलेवा जन-स्वास्थ्य आपातकाल बन चुका है। अक्टूबर से फरवरी के बीच दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) अक्सर 400 से 450 के खतरनाक स्तर को पार कर जाता है। जैसे ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में प्रवेश करता है, प्रशासनिक तंत्र में अचानक अप्रत्याशित गहमा-गहमी दिखाई देने लगती है। आनन-फानन में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप के विभिन्न प्रविधानों को लागू कर दिया जाता है। निर्माण कार्यों पर पाबंदी, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्माग गन की तैनाती, डीजल जेनरेटरों के इस्तेमाल पर रोक और सड़कों पर पानी के छिड़काव जैसे उपाय कागजों और मीडिया की सुर्खियों में तैरने लगते हैं। जबकि वायुमंडलीय विज्ञान और भूगोल के मौलिक नियमों की दृष्टि से देखें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या केवल एक महानगर या कुछ चुनिंदा जिलों की सीमाओं में सिमटी दंडात्मक और तात्कालिक कार्रवाइयां इस विकराल वायुमंडलीय संकट का वास्तविक और स्थायी समाधान दे सकती हैं?

हवा, गैसों और सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5 और पीएम 10) की कोई प्रशासनिक, राजनीतिक या भौगोलिक सीमा नहीं होती। उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों के आसमान में तैरने वाला जहर केवल वहां के स्थानीय वाहनों के धुएं या औद्योगिक चिमनियों का परिणाम नहीं है, बल्कि यह पूरे वृहद इंडो-गंगा मैदानी इलाकों के संयुक्त उत्सर्जन और वायुमंडलीय गतिशास्त्र से निर्धारित होता है। ऐसे में किसी एक शहर द्वारा अलग-थलग होकर उठाए गए एकांगी कदम इस बड़े संकट के सामने वैसे ही निष्प्रभावी साबित होते हैं, जैसे उफनती नदी के मुहाने पर पत्तों का बांध बनाना। हालिया वायु गुणवत्ता आंकड़ों का सूक्ष्म वैज्ञानिक विश्लेषण इस भ्रांति को पूरी तरह से तोड़ देता है कि प्रदूषण केवल दिल्ली-एनसीआर की विशिष्ट समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों के अनुसार, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में यह स्तर अक्सर 80 से 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक दर्ज किया जाता है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में अब अकेले दिल्ली का नाम दर्ज नहीं है, बल्कि गंगा



अवधेश राजपूत

के मैदानी भूभाग में बसे तमाम शहर इस विषैले चक्रव्यूह में फंसे हुए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, हापुड़ से लेकर हरियाणा के रोहतक, हिसार और राजस्थान के औद्योगिक शहर कोटा तक की वायु गुणवत्ता लगातार 'बेहद खराब' और 'अत्यंत गंभीर' स्तर पर बनी हुई है।

उत्तर भारत का एक क्षेत्र भौगोलिक रूप से एक विशाल प्राकृतिक कटोरे के समान है। सर्दियों के आगमन के साथ जब तापमान में गिरावट आती है, तो हवा का घनत्व बढ़ जाता है और उसकी गति मंद पड़ जाती है। वैज्ञानिक भाषा में इसे थर्मल इन्वर्जन या वायुमंडलीय व्युत्क्रमण कहते हैं, जिसमें गर्म हवा की ऊपरी परत ठंडी और भारी हवा को नीचे धरातल के पास ही दबाकर रख लेती है। इस प्राकृतिक जाल में जब उद्योगों, वाहनों, धूल और पराली का धुआं आकर मिलता है, तो यह संपूर्ण बेल्ट एक विशालकाय गैस चैंबर का रूप धारण कर लेती है। जब संकट का क्षेत्र संपूर्ण उत्तर भारत है, तो इसका समाधान किसी एक नगर निगम या राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में हो ही नहीं सकता। इसके लिए संपूर्ण एयरशेड पर आधारित एक एकीकृत और समेकित क्षेत्रीय रणनीति की आवश्यकता है।

वार्षिक वायुमंडलीय संकट का एक प्रमुख और विवादास्पद जैविक कारक कृषि अवशेषों यानी पराली का दहन है। पराली दहन से होने वाला उत्सर्जन उत्तर-पश्चिमी हवाओं की सवारी करता हुआ पूरे उत्तर भारत के आसमान को अपने आगोश में ले लेता है। चूंकि पराली संकट कृषि अर्थशास्त्र, ऊर्जा नीति और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जुड़ा एक बहुआयामी मुद्दा है, इसलिए इसमें केंद्र सरकार का सीधा, आर्थिक और नीतिगत हस्तक्षेप अनिवार्य है। इसके लिए फसल विविधीकरण से लेकर उचित प्रौद्योगिकियों के लिए भारी सब्सिडी और बायो-मेथेनेशन प्लांट्स जैसा स्थायी बुनियादी ढांचा समय की आवश्यकता है, लेकिन यह भी ध्यान रहे कि प्रदूषण में केवल पराली का योगदान नहीं है। प्रदूषण की समस्या से ग्रस्त दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान की सरकारों के बीच आवश्यक तालमेल का अभाव भी स्थितियों को बिगाड़ता है। संकट की दस्तक और उसके गहराते ही राजनीतिक दल और विभिन्न राज्य सरकारें दोषारोपण का खेल शुरू कर देती हैं। जबकि वायु प्रदूषण जैसी राष्ट्रीय आपदा पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देना आज की सबसे बड़ी मांग है। इस दिशा में प्रदूषण रोधी उपाय करने वाली संस्थाएं केवल कागजी दिशा-निर्देश जारी करने तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें एक सशक्त, स्वायत्त और कठोर निर्णय लेने वाले नियामक के रूप में धरातल पर उतरना होगा। पड़ोसी राज्यों के बीच औद्योगिक मानकों, सार्वजनिक परिवहन के विद्युतीकरण, स्वच्छ ईंधन के अनिवार्य उपयोग और कचरा प्रबंधन जैसे प्रदूषण नियंत्रण उपायों को एकसमान गंभीरता और अनुशासन के साथ लागू किया जाना चाहिए।

स्पष्ट है कि जब तक संपूर्ण उत्तर भारत के वायुमंडलीय एयरशेड की सीमाओं को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए एक समेकित वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार नहीं की जाती और भू-स्थानिक मानिटरिंग तथा एयरोसोल आप्टिकल डेप्थ के सटीक आंकड़ों के आधार पर पारदर्शी निर्णय नहीं लिए जाते, तब तक इस विषैले चक्रव्यूह से बाहर निकलना असंभव है। वायु प्रदूषण को अब मात्र एक मौसमी परेशानी के रूप में देखना बंद करना होगा। इसे एक गंभीर पारिस्थितिकीय और जन-स्वास्थ्य आपातकाल माना जाए।

(लेखक पर्यावरण मामलों के जानकार एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं)
response@jagran.com